निर्देशानुसार बदलकर लिखें।

वे खेतों, जंगलों के ऊपर छाए हुए थे। (एकवचन)

वह खेतों जंगलों के ऊपर छाया हुआ था।

पीले **फूल** अभी भी गीले थे। एकवचन)

पीला फूल अभी भी गीला था।

पानी की **बूँदें** अटकी हुई थीं। (एकवचन)

पानी की बूँद अटकी हुई थी।

वे स्कूल के लिए घर से कुछ समय पहले निकल आते थे। (एकवचन)

वह स्कूल के लिए कुछ समय पहले निकल आता था।

उनके **बस्ते** उनकी पीठ पर लदे होते थे। (एकवचन)

उसका बस्ता उसकी पीठ पर लदा होता था।

आज खेल घंटी में गाँधी चौक में **(हम)** लंगड़ी टाँग खेलेंगे। (एकवचन)

आज खेल घंटी में गाँधी चौक में (मैं) लंगड़ी टाँग खेलूँगा।

वे गाँधी चौक में लंगड़ी टाँग खेले। (एकवचन)

वह गाँधी चौक में लंगड़ी टाँग खेला/खेली।

साहिल नीम के पेड़ की डाली पकड़कर झूम रहा था। (बेला)

बेला नीम के पेड़ की डाली पकड़कर झूम रही थी।

साहिल अब **तुम** कहाँ पढ़ोगे? (हम)

साहिल अब हम कहाँ पढ़ेंगे?

(मैं) घर से दूर वहाँ अकेले रहूँगा। (साहिल)

साहिल घर से दूर अकेले रहेगा।

साहिल बेला का रिपोर्ट कार्ड देख रहा था। (बेला)

बेला साहिल का रिपोर्ट कार्ड देख रही थी।

फुलेरा कस्बे की एक गली में एक **लड़की** जा रही थी। (लड़का)

फुलेरा कस्बे की एक गली में एक लड़का जा रहा था।

कोई कुछ और कहकर चिढ़ा रहा था। (लड़का)

लड़के कुछ और कहकर चिढ़ा रहे थे।

रवि.एम., राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कडन्नप्पल्लि, कण्णूर, 670504.